St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -20)** **Date: 19.11.2020**
Topic: कबीर के दोहे **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 कबीर के जन्म , परिवार और गुरु के बारे में लिखो |

उ- कबीर का जन्म 1398 ई० में काशी में हुआ था | उनका पालन - पोषण नीरू और नीमा ने किया था | वे जुलाहा का काम करते थे | कबीर पढ़े - लिखे नहीं थे | स्वामी रामानंद उनके गुरु थे |

2 कबीर ने गुरु को गोबिंद से भी बड़ा क्यों बतलाया है ?

उ- कबीर ने अपने दोहो में गुरु का महत्त्व बताया है | वे कहते हैं कि सच्चे गुरु हमें सही रास्ता दिखाते हैं | कबीर ने गुरु को ईश्वर से बड़ा माना है | इसका कारण ये है कि गुरु ही हमें सही रास्ता दिखाकर ईश्वर तक पहुँचाता है | अगर हमें जीवन में सच्चा गुरु नहीं मिले ,तो हम कभी भी ईश्वर तक नहीं पहुँच सकते |

3 गुरु शिष्य का विकास किस प्रकार करता है ?

उ- गुरु हमेशा अपने शिष्य को विकास -पथ पर देखना चाहता है | कबीर गुरु को कुम्हार और शिष्य को घड़े के सामान मानते हैं | जिस प्रकार कुम्हार घड़ा बनाते समय ऊपरी चोट करता है , पर अंदर से उसे सहारा दिए रहता है | उसी तरह गुरु भी ऊपर से शिष्य के प्रति कठोर रहता हैं , पर अंदर से उसे संभाले रहता है | हमें ऐसे गुरु का हमेशा सम्मान करना चाहिए |

4 ईश्वर किसके हृदय में निवास करते है ?

उ- ईश्वर सबको समान दृष्टि से देखते हैं | वे किसी में भेदभाव नहीं करते | कबीर कहते है कि सच से बड़ा तप नहीं होता | झूठ बोलना बहुत बड़ा पाप है | ईश्वर सदा उसी के हृदय में निवास करते है , जो सदा सच बोलता है |

Poonam Mehra